मीडिया विज्ञप्ति

रवांडा और केन्या के 43 इंटरनेशनल प्रोफेशनल ने ईडीआईआई में निखारा अपना कौशल और क्षमताएं

अहमदाबाद, 26 मार्च, 2024: *भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान (ईडीआईआई), अहमदाबाद ने शुक्रवार को अपने परिसर में आयोजित एक समापन समारोह में केन्या और रवांडा के 43 पेशेवरों को प्रमाण पत्र प्रदान किए। भारत सरकार के विदेश मंत्रालय के भारतीय तकनीकी और आर्थिक सहयोग (आईटीईसी) प्रभाग द्वारा प्रायोजित दो कार्यक्रमों* ***'जेंडर रेस्पॉन्सिव गवर्नेंस इन आंत्रप्रेन्योरशिप'*** *(2-सप्ताह का प्रोग्राम) और* ***''ब्रिंगिग डिजिटल एफिशिएंसी इन कॉओपरेटिव'*** *(3-सप्ताह का प्रोग्राम) शुक्रवार को ईडीआईआई में संपन्न हुए।*

समापन समारोह में मुख्य अतिथि एच.ई. एम्बे. पीटर मैना मुनीरी, ओजीडब्ल्यू, केन्या उच्चायोग, नई दिल्ली के उच्चायुक्त थे। इस अवसर पर ईडीआईआई के महानिदेशक डॉ. सुनील शुक्ला और ईडीआईआई तथा सरकार के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।

केन्या सरकार के 20 अधिकारियों के लिए विशेष रूप से तैयार पहला कार्यक्रम उद्यमिता में लैंगिक उत्तरदायी शासन पर केंद्रित 'जेंडर रेस्पॉन्सिव गवर्नेंस इन आंत्रप्रेन्योरशिप' था। 11 से 22 मार्च, 2024 तक आयोजित इस दो-सप्ताह के प्रोग्राम का उद्देश्य प्रतिभागियों को लिंग-समावेशी उद्यमिता नीतियों और प्रथाओं को बढ़ावा देने के लिए आवश्यक उपायों और अंतर्दृष्टि से लैस करना है।

सहकारी समितियों में डिजिटल दक्षता लाने पर केंद्रित दूसरा कार्यक्रम 'ब्रिंगिग डिजिटल एफिशिएंसी इन कॉओपरेटिव' 4 मार्च को शुरू हुआ और 22 मार्च, 2024 को समाप्त हुआ। रवांडा के 23 प्रतिभागियों के समूह के साथ इस तीन सप्ताह के कार्यक्रम का उद्देश्य डिजिटल हस्तक्षेप के माध्यम से सहकारी तौर-तरीकों में क्रांति लाना है। प्रतिभागियों को परिचालन को सुव्यवस्थित करने, निर्णय लेने की प्रक्रियाओं को बढ़ाने और सहकारी समितियों के सतत विकास के लिए डिजिटल प्लेटफॉर्म का लाभ उठाने के लिए उन्नत उपकरणों और तकनीकों से लैस किया गया था।

प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए एच.ई. अंब. पीटर मैना मुनीरी ने कहा, *' ईडीआईआई में इस समृद्ध यात्रा के सफलतापूर्वक समापन पर पूर्वी अफ्रीका क्षेत्र के प्रतिभागियों को मेरी बधाई। आइए, अब हम अपने संबंधित क्षेत्रों में बदलाव लाने के लिए इन प्रोग्राम से मिले परिवर्तनकारी प्रभाव का लाभ उठाएं। जबकि अब आप अपने समुदायों में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए कौशल और अंतर्दृष्टि से लैस हैं, मैं आपसे आग्रह करता हूं कि आप जीवन में ईमानदारी, दृष्टिकोण और आस्था को कभी न खोएं।'*

ईडीआईआई के महानिदेशक डॉ. सुनील शुक्ला ने अपने संबोधन में कहा, *'बहुत महत्वपूर्ण विषयों पर आधारित दोनों प्रोग्राम आज के समय में बहुत प्रासंगिक हैं जब महिलाएं समाज के केंद्र में हैं और उनकी क्षमताओं को अर्थव्यवस्था का चालक बनने के लिए आकार दिया जा सकता है। इसी तरह डिजिटल*

प्रौद्योगिकी गतिशीलता विकास का एक आवश्यक इंजन बन गई है, कार्यक्रमों में इन विषयों को शामिल किया गया और प्रतिभागियों द्वारा इसे खूब सराहा गया।'

प्रतिभागियों ने उपयोगी अंतर्दृष्टि प्राप्त की और प्रासंगिक एक्सपोजर विजिट के माध्यम से सैद्धांतिक ज्ञान को व्यावहारिक पहलुओं से जोड़ने में सक्षम हुए।

About Entrepreneurship Development Institute of India

Entrepreneurship Development Institute of India (EDII), Ahmedabad, an autonomous and not-for-profit institute, set up in 1983, is an acknowledged National Resource Institute for Entrepreneurship Education, Research, Training & Institution Building. It is sponsored by apex financial institutions - the IDBI Bank Ltd., IFCI Ltd., ICICI Bank Ltd. and the State Bank of India (SBI), and has been supported by the Government of Gujarat. EDII has been recognized as the CENTRE OF EXCELLENCE by the Ministry of Skill Development and Entrepreneurship, Govt. of India.

EDII moved on to adopt the role of a National Resource Institute in Entrepreneurship training, education, research, MSME development, innovations and institutional building. The Institute works with the Central Government and various State Governments in a collaborative frame. It is closely associated noted corporates in envisioning and implementing several impact making programmes and projects. The Institute conducts a variety of programmes and projects, across sectors and sections of people through its 7 regional offices and PAN India branch offices. Visit www.ediinddia.org

For more details, contact:

Nirupam Banerjee, Adfactors PR: 9825984727
Hiral Oza, Adfactors PR: 7043901987